# कोलार जलसंकट: राजधानी के 75 से अधिक इलाकों को तीसरे दिन भी नहीं मिला पेयजल

### मरम्मत कार्य जारी, नहीं पहुंचे पानी के टैंकर, नागरिकों में भारी नाराजगी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी में कोलार परियोजना की मुख्य पाइप लाइन में रिसाव होने से शहर के अनेक क्षेत्रों में जलापूर्ति लगातार तीसरे दिन भी गंभीर रूप से प्रभावित रही। पिछले तीन दिनों से चल रहे मरम्मत कार्य के कारण 75 से अधिक इलाकों के लोगों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

प्रभावित क्षेत्रों में नगर निगम द्वारा टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की बात कही जा रही है, लेकिन यह व्यवस्था ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही है। पर्याप्त पानी नहीं मिलने से नागरिकों में भारी आक्रोश देखा गया । जहां टैंकर पहुंचे अथवा लोगों ने हैंडपंपों से पानी लिया। वहां भारी भीड़ रही और विवाद तथा मारपीट तक की नौबत आई। कोलार परियोजना की 1650 मिलीमीटर व्यास की ग्रेविटी पाइप लाइन में रिसाव होने के बाद सुधार कार्य शुरू किया गया था। पाइप लाइन में आई तकनीकी खराबी के कारण कोलार लाइन से जुड़े अनेक क्षेत्रों में नियमित जलापूर्ति बाधित हो गई। तुलसी नगर, जेपी अस्पताल क्षेत्र, शिवाजी नगर सहित कई इलाकों में लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम ने प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों से पानी पहुंचाने की व्यवस्था की है, लेकिन स्थानीय नागरिकों का कहना है कि उपलब्ध कराई जा रही जलापूर्ति आवश्यकता के अनुरूप नहीं है। कई स्थानों पर लोगों को अतिरिक्त पानी खरीदने के लिए निजी स्तर पर खर्च करना पड़ रहा है। पानी के टैंकर पहुंचने पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो रहे हैं, जिससे स्थिति और चुनौतीपूर्ण बन रही है। इसी बीच नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने बांसखेड़ी क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने उन्हें जल संकट से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। लोगों ने बताया कि पाइप लाइन में बार-बार आने वाली खराबियों और जलापूर्ति व्यवस्था में कमियों के कारण उन्हें नियमित रूप से परेशानी झेलनी पड़ती है।

नगर निगम प्रशासन का कहना है कि पाइप लाइन की मरम्मत का कार्य तेजी से किया जा रहा है और सुधार कार्य पूर्ण होते ही प्रभावित क्षेत्रों में नियमित जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी। फिलहाल लोगों को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पानी उपलब्ध कराने के प्रयास जारी हैं।

#### कांग्रेस नेता राहुल ने निगमायुक्त के समक्ष रखी समस्या



*कोलार पाइपलाइन फूटने पर कोलार के वार्ड 83 में पहुंची नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन से कोलार ब्लॉक कांग्रेस कांग्रेस अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ ने बात कर भोपाल शहर एवं कोलार क्षेत्र में निरंतर हो रही पानी की पूरी समस्या से अवगत कराया एवं तुरंत जल आपूर्ति बहाल करने की मांग की। भोपाल शहर और कोलार में जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते रहवासियों को पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। श्री राठौड़ ने जिम्मेदार अधिकारियों एवं टैंकर माफियाओं पर कार्यवाही की मांग की है। इस अवसर पर विजय वर्मा , बृजलाल साहू , ओमप्रकाश अहिरवार, रिंकू यादव उपस्थित थे।*

# लघु उद्योग भारती के प्रयासों से लंबित उद्योग प्रकरणों के निराकरण की दिशा में प्रगति

### एमएसएमई मंत्री के साथ उच्चस्तरीय बैठक में कई अहम् निर्णय



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** लघु उद्योग भारती मध्यप्रदेश के प्रयासों से प्रदेश के उद्यमियों की वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

एवं 3 जून को संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न विभागों के मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर औद्योगिक, ऊर्जा, कृषि प्रसंस्करण, वेयरहाउसिंग और रोजगार से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल ने माननीय एमएसएमई मंत्री श्री चैतन्य काश्यप के साथ लगभग पांच घंटे की उच्चस्तरीय बैठक में भाग लिया, जिसमें उद्योग आयुक्त सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कई वर्षों से लंबित प्रकरणों पर चर्चा करते हुए त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए।

कटनी के बरगवां औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े 15 वर्ष पुराने नक्शा संशोधन प्रकरण के निराकरण के लिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही लंबित लीज प्रकरणों, औद्योगिक क्षेत्रों की आधारभूत सुविधाओं और प्रशासनिक सुधारों पर भी निर्णय लिए गए। मंत्री श्री काश्यप ने सड़क, जल आपूर्ति, नाली व्यवस्था, भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया को ऑनलाइन करने, एमएसएमई अनुदान भुगतान और टेंडर प्रक्रिया में सुधार के निर्देश दिए। अन्य विभागीय मंत्रियों एवं अधिकारियों के साथ भी विभिन्न औद्योगिक मुद्दों पर चर्चा हुई।

लघु उद्योग भारती ने इसे प्रदेश के औद्योगिक विकास और निवेश वृद्धि के लिए सकारात्मक कदम बताया है। संगठन ने सरकार के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

### जीएसटी बकायेदारों पर सख्ती

# तीन फर्मों ने जमा किए 91 लाख

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** शासकीय राजस्व की सुरक्षा और कर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा जीएसटी बकायेदारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। विभाग की सख्त कार्रवाई के बाद राजधानी भोपाल की तीन बड़ी फर्मों ने कुल 91 लाख रुपये का बकाया कर जमा कर दिया है।

विभाग ने बकाया कर वसूली के लिए वैधानिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई तेज करते हुए डिफॉल्टरों की अचल संपत्तियों को कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू की है। इस कदम के बाद कई करदाताओं ने स्वेच्छा से आगे आकर अपने लंबित कर दायित्वों का भुगतान करना शुरू कर दिया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार मेसर्स सिग्मा इंफोटेक ने 44 लाख रुपये, मेसर्स ग्लोबल इंफ्रा प्रोजेक्ट ने 25 लाख रुपये तथा मेसर्स काकड़ा रोलिंग मिल्स ने 22 लाख रुपये की बकाया कर राशि जमा कराई है। इन तीनों फर्मों द्वारा कुल 91 लाख रुपये का भुगतान किए जाने से विभाग को बड़ी सफलता मिली है। शत-प्रतिशत कर अनुपालन सुनिश्चित करने और राजस्व हितों की रक्षा के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। विभाग ने सभी व्यापारियों और करदाताओं से समय पर कर भुगतान करने की अपील की है, ताकि दंडात्मक कार्रवाई, जुर्माने और संपत्ति कुर्की जैसी परिस्थितियों से बचा जा सके। वाणिज्यिक कर विभाग का मानना है कि सख्त कानूनी कार्रवाई और निरंतर निगरानी से कर संग्रह में वृद्धि होगी तथा करदाताओं के बीच नियमों के पालन की प्रवृत्ति भी मजबूत होगी। इससे राज्य के राजस्व को मजबूती मिलने के साथ विकास कार्यों को भी गति मिलेगी।

# स्वास्थ्य सेवाएं बाधित करने पर सख्त कार्रवाई, काम पर लौटने का अल्टीमेटम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राज्य सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल पर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि स्वास्थ्य सेवाएं अति आवश्यक सेवाओं की श्रेणी में आती हैं और इनके संचालन में किसी प्रकार की बाधा स्वीकार नहीं की जाएगी।

शासन के अनुसार प्रदेश के नौ जिलों में कोई भी संविदा कर्मचारी हड़ताल में शामिल नहीं है। एक जिले को छोड़कर अधिकांश जिलों में संविदा चिकित्सक भी अपनी सेवाएं नियमित रूप से दे रहे हैं। सरकार ने बताया कि कुछ जिलों के सीमित ब्लॉकों में ही कर्मचारी हड़ताल पर हैं। ऐसे क्षेत्रों में नियमित कर्मचारियों के माध्यम से कार्य संपादित कराया जा रहा है ताकि स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित न हों। अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों की सतत निगरानी की जा रही है तथा आपातकालीन व्यवस्थाएं सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं।

शासन ने हड़ताल पर गए संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को 5 जून 2026 तक अनिवार्य रूप से कार्य पर लौटने का निर्देश दिया है। निर्धारित समय सीमा तक ड्यूटी पर वापस नहीं आने वाले कर्मचारियों की सेवाएं मानव संसाधन मैन्युअल 2025 के प्रावधानों के तहत बिना किसी अतिरिक्त सूचना के समाप्त कर दी जाएंगी। सरकार का कहना है कि संविदा कर्मचारी सेवा संबंधी मामलों में हड़ताल या प्रदर्शन का सहारा नहीं ले सकते और ऐसा करना कदाचार की श्रेणी में माना जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के माध्यम से हड़ताली कर्मचारियों को वैधानिक नोटिस जारी किए जा चुके हैं। सरकार ने कर्मचारियों से आमजन और मरीजों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए तत्काल कार्य पर लौटने की अपील की है।स्वास्थ्य सेवाओं में बाधा पहुंचाने के मामलों में 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत कार्रवाई की जाएगी।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से गुरुवार रात भाजपा के राज्यसभा प्रत्याशी रजनीश अग्रवाल ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और विधायक भगवानदास सबनानी भी उपस्थित थे।

# प्रदेश में शिक्षकों व कर्मचारियों के स्थानांतरण आवेदन 8 तक

### ई-एचआरएमएस पोर्टल पर होगी प्रक्रिया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राज्य शासन की स्थानांतरण नीति 2026-27 के तहत जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग ने स्थानांतरण आवेदनों के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार स्वैच्छिक स्थानांतरण के आवेदन 3 जून से 8 जून तक ई-एचआरएमएस पोर्टल पर ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। आवेदक स्थानांतरण के लिए अधिकतम 15 कार्यालयों/संस्थाओं का चयन कर सकेंगे। आवेदन में दर्शाए गए कारणों के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज पीडीएफ स्वरूप में अपलोड करना अनिवार्य होगा, जिनका आकार अधिकतम 2 एमबी निर्धारित किया गया है। एक बार आवेदन सबमिट होने के बाद उसमें किसी प्रकार का संशोधन नहीं किया जा सकेगा।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि आवेदन में गलत जानकारी देने या सत्यापन में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी एवं सत्यापन अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। पोर्टल पर प्रदर्शित रिक्तियां अस्थायी होंगी और समय-समय पर अपडेट की जा सकेंगी। माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों के स्थानांतरण केवल उनके विषय की रिक्तियों पर ही किए जाएंगे। वहीं प्राथमिक, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षक संवर्ग के प्रशासनिक एवं स्वैच्छिक स्थानांतरण परिवीक्षा अवधि के दौरान नहीं किए जाएंगे।

# नैक की तर्ज पर गठित करें सैक : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने उच्च शिक्षा क्षेत्र में उपलब्धियों के लिए दी बधाई , विभाग की हुई समीक्षा



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में उच्च शिक्षा के विस्तार, गुणवत्ता सुधार और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में आवश्यकता के अनुसार नए महाविद्यालय खोले जाएं तथा अधिक विद्यार्थी संख्या वाले महाविद्यालयों में प्रात: और सायंकालीन शिफ्ट में कक्षाएं संचालित करने की संभावना पर विचार किया जाए।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की तर्ज पर राज्य स्तर पर सैक के गठन की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश भी दिए। मंत्रालय में आयोजित उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाला वर्ष युवा वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। इसे ध्यान में रखते हुए उच्च शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग विद्यार्थियों के लिए नए कार्यक्रमों और नवाचारों की तैयारी करें। उन्होंने कृषि शिक्षा को लोकप्रिय बनाने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में कृषि स्नातक पाठ्यक्रमों से बड़ी संख्या में विद्यार्थी जुड़ रहे हैं, जो सकारात्मक संकेत है।

बैठक में विभाग की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया गया कि मध्यप्रदेश ने स्वयं पोर्टल पर पंजीयन के मामले में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश के 618 उच्च शिक्षण संस्थान 'वन नेशन-वन सब्सक्रिप्शन' पोर्टल से जुड़ चुके हैं, जिसका लाभ आठ लाख से अधिक विद्यार्थी और शोधार्थी ले चुके हैं। गुना, खरगौन और सागर में नए विश्वविद्यालय तथा आगर मालवा में लॉ कॉलेज प्रारंभ किया गया है। आठ महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं भी शुरू की गई हैं। मुख्यमंत्री ने छिंदवाड़ा स्थित राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय में खाद्य प्रसंस्करण, आर्किटेक्चर और कृषि विज्ञान जैसे विषयों को शामिल करने पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों की रुचि और रोजगार की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए नए पाठ्यक्रम शुरू करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश के 68 महाविद्यालयों में आईआईटी दिल्ली के सहयोग से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही डिजिटल स्टूडियो, ई-ज्ञान सेतु चैनल, एवीजीसी लैब और भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े नवाचारों के माध्यम से उच्च शिक्षा को आधुनिक और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।


## कार्यालय वनमण्डल अधिकारी सामान्य वनमण्डल भोपाल (म.प्र.)

74. बंगला, खेल परिसर लिंक रोड क्रं.-1 भोपाल फोन नं. 4374146 (कार्या.)

क्रमांक/व.सु./4934 भोपाल,दिनांक /1/6/2026

### राजसात वाहनों की नीलामी हेतु सूचना (प्रथम/द्वितीय/तृतीय)

(अपराध प्रकरणों में राजसात/अपलेखित वाहन की नीलामी)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वनमण्डल सामान्य भोपाल के अन्तर्गत वन अपराध प्रकरणों में अंतिम रूप से जप्त शुदा राजसात वाहन / अपलेखित वाहन जो जहाँ, जिस हालत में है के आधार पर निवर्तित किये जाने हेतु निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

| क्रं. | नीलामी का प्रथम चरण | नीलामी का द्वितीय चरण | नीलामी का तृतीय चरण |
|---|---|---|---|
| 1 | नीलामी फॉर्म प्राप्त करने का दि. 05.06.2026 से 15.06.2026 समय दोपहर 12.00 बजे तक | नीलामी फॉर्म प्राप्त करने का दि. 16.06.2026 से 22.06.2026 समय दोपहर 12.00 बजे तक | नीलामी फॉर्म प्राप्त करने का दि. 23.06.2026 से 29.06.2026 समय दोपहर 12.00 बजे तक |
| 2 | नीलामी फॉर्म प्राप्त करने का दि. 06.06.2026 से 15.6.2026 दोपहर 1.30 बजे तक | नीलामी फॉर्म जमा करने का दि. 16.06.2026 से 22.6.2026 दोपहर 1.30 बजे तक | नीलामी फॉर्म जमा करने का दि. 23.06.2026 स 29.06.2026 दोपहर 1.30 बजे तक |
| 3 | नीलामी फॉर्म खोलने का दि. 15.06.2026 अपरान्ह 4.00 बजे | नीलामी फॉर्म खोलने का दि. 22.06.2026 अपरान्ह 4.00 बजे | नीलामी फॉर्म खोलने का दि. 29.06.2026 अपरान्ह 4.00 बजे |

नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक केता को प्रत्येक वाहन हेतु नीलामी फॉर्म के साथ तीन एवं दो पहिया वाहनों के लिये 2000/-(दो हजार रूपये) एवं चार पहिया वाहनों के लिये 25000/- पच्चीस हजार रूपये) का बैंक ड्राफ्ट पृथक-पृथक वाहनवार वन मण्डलाधिकारी सामान्य भोपाल के नाम से जमानत के रूप में जमा करना होगा। यदि जमानत की राशि निर्धारित रूप में प्रस्तुत नही की जावेगी तो नीलामी फॉर्म अस्वीकृत कर दिया जावेगा। स्वीकृत क्रेताओं की जमानत की राशि तब तक मुक्त नही की जावेगी, जब तक कि उक्त वाहन का निवर्तन पूर्ण रूप से न हो जावे। नीलामी हेतु वाहनों का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | मोटर साइकल | कार | ट्रेक्टर | जीप/पिकअप | ट्रक | कुल वाहन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15 | 06 | 07 | 07 | 04 | 39 |

**नोट** :- नीलामी फॉर्म एवं शर्ते विज्ञप्ति के दिवस से नीलामी की उपरोक्तानुसार में तिथियों कार्यालयीन समयाअवधि में रूपये 200/- नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट जमा कर वन मण्डल कार्यालय भोपाल से प्राप्त किये जा सकते है। नीलामी हेतु वाहनों का विस्तृत विवरण वन मण्डल भोपाल के सूचना पटल एवं वन विभाग की वेबसाईट www.mpforest.gov.in पर देखा जा सकता है।

जी-13861/26

**वनमण्डलाधिकारी**
**सामान्य वनमण्डल,भोपाल**


# दिल्ली में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से मिली मध्यप्रदेश युवा लोजपा की टीम

### प्रदेश में संगठन विस्तार और जमीनी मजबूती पर हुई सार्थक चर्चा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान से दिल्ली स्थित पंचशील भवन में मध्य प्रदेश लोजपा (रामविलास) युवा के पदाधिकारियों एवं युवा मोर्चा के जुझारू कार्यकर्ताओं ने शिष्टमंडल के रूप में भेंट की।

इस उच्च स्तरीय बैठक में मुख्य रूप से मध्य प्रदेश में पार्टी के संगठन विस्तार, आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों की रूपरेखा और जमीनी स्तर पर पार्टी की पकड़ को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई।

**कार्यकर्ताओं के समर्पण की सराहना और संगठन विस्तार का मंत्र:** बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मध्य प्रदेश से आए युवा नेताओं और कार्यकर्ताओं के जोश, कर्मठता और युवा लोजपा (रामविलास) के नीति-निर्देशों के अनुरूप किए जा रहे कार्यों की जमकर सराहना की।

#### आगामी रणनीतियों और सदस्यता अभियान पर विमर्श

दिल्ली में लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ?से मुलाकात के दौरान मध्य प्रदेश में पार्टी को एक मजबूत विकल्प के रूप में स्थापित करने के लिए नए सदस्यों और ऊर्जावान पदाधिकारियों को जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। आगामी दिनों में राज्य में चलाए जाने वाले विभिन्न राजनैतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी केंद्रीय अध्यक्ष के साथ गंभीर मंथन हुआ, जिस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपनी सहमति और मार्गदर्शन प्रदान किया।

**बैठक में यह प्रमुख पदाधिकारी रहे उपस्थित** : इस महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक में मध्य प्रदेश युवा लोजपा (रामविलास) की ओर से मुख्य रूप से प्रदेश प्रधान महासचिव सावन जायसवाल, एससी/एसटी मोर्चा के अध्यक्ष अरविन्द रत्नाकर, प्रदेश मीडिया प्रभारी आदित्य शंकर तिवारी, प्रदेश महासचिव निशिता सिंह, प्रदेश महासचिव एवं चंबल प्रभारी नीतेश राय के साथ पार्टी के अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. (वि/यां.) संभाग क्र. 1, शेड नं. 11-ए बारह दफ्तर जवाहर चौक भोपाल पिन कोड 462003

web site: www.mppwd.gov.in email:- eepwdelecbpl@mp.nic.in

### निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्रमांक 32 से 38/2026-27 भोपाल, दिनांक 29/05/2026

निम्नलिखित कार्यों के लिये ई-टेण्डरिंग द्वारा ऑन-लाईन निविदा आमंत्रीत की जाती है। कार्य का विवरण http://www.mptenders.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

| क्र. | पोर्टल टेण्डर नं. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेकेदार की अनु. राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_PWDRB_512057_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | For Providing Annual comprehensive maintenance (AMC) of 01 No. Orbis Lift (16) Passengers-1088 Kg, G+ 1) & 05no.s of TKE elevators (15 P) installed: 1 no. in SCNU, 02 No.s in Maternity Ward and 02 No.s in New OPD at JP Hospital-1250, Bhopal (M.P.) for 03 years. | द्वितीय | 60.302 |
| 2 | 2026_PWDRB_512058_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | Tender for A.C Vehicle with Driver Without Fuel on Monthly rent basis for officers posted in PWD Nirman Bhawan and under (E/M) Dn. No. 1, Bhopal (Scorpio-N or Equivalent Vehicle) | सांतवा | 26.00 |
| 3 | 2026_PWDRB_512059_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | For providing electrification work for for RR /SR/MOW/OW in various C type Bungalows in 74 Bungalow under 74 Bungalows section of PWD (E&M) Sub Division M1,Bhopal | प्रथम | 44.80 |
| 4 | 2026_PWDRB_512060_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | For providing electrification work for for RR /SR/MOW/OW in Ground Floor, Basement and Campus area of Nirman Bhawan Arera Hills under Nirman Bhawan section of PWD (E&M) Sub Division M 1, Bhopal | प्रथम | 42.807 |
| 5 | 2026_PWDRB_512065_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | For providing electrification work for for RR /SR/ Deposit/MOW /OW in Vetrinary, Old Jail Head Quarter and other outerbuildings under PHQ section of PWD (E&M) Sub Division M1, Bhopal | प्रथम | 34.801 |
| 6 | 2026_PWDRB_512069_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | Electrification AR/SR work in Govt. Residential (F and below type) and Non Residential Building, Under E/M Sub Division Workshop, Section 1100 qtrs Bhopal | प्रथम | 39.557 |
| 7 | 2026_PWDRB_512070_1 | भोपाल | वार्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | Providing Electrification AR/SR work in Govt. Residential (G and below type) and Non Residential Building, Under E/M Sub Division Workshop, Section 1100 qtrs Bhopal | प्रथम | 39.858 |

उपरोक्त बेव साईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेन्ट) बेव साईट के माध्यम से दिनांक 19/06/2026 सांय 5.30 बजे तक प्राप्त हो सकेंगा। विस्तृत एन. आई. टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त बेव साईट में देखी जा सकती है। निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जावेगा। यह संशोधन केवल विभागीय वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित किया जावेंगा।

जी-13887/26

**कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. (वि/या.) संभाग क्र. 1, भोपाल**